卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ3म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 26 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦2 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दुकान पर पेड़ गिरने से पिता की मौत, पुत्र गंभीर

रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। तड़के एक दुकान पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। तड़के 3 बजे जिले के गौरीकुंड केदारनाथ पैदल मार्ग पर छोड़ी गदेरे के नजदीक पैदल मार्ग पर बांज का सूखा पेड़ अचानक गिर गया। बांज का सूखा पेड़ चाय की दुकान के ऊपर गिरा। दुकान में उस समय विक्रम लाल और दीपक मौजूद थे। दोनों गहरी नींद में सो रहे थे। बांज का भारी भरकम पेड़ गिरने से 58 वर्षीय विक्रम लाल की मौत हो गई। वो रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि क्षेत्र में वीरो देवल के रहने वाले थे। विक्रम लाल गौरीकुंड केदारनाथ पैदल मार्ग पर



चाय की दुकान चलाते थे। केदारनाथ धाम आने जाने वाले तीर्थयात्री उनकी दुकान पर चाय नाश्ता किया करते थे। दुकान में विक्रम लाल के साथ मौजूद 24 वर्षीय दीपक गंभीर रूप से घायल हुआ है। दीपक विक्रम लाल का बेटा है। गौरीकुंड केदारनाथ पैदल मार्ग पर चाय की दुकान के ऊपर पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। आनन फानन में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू टीम ने देखा कि विक्रम लाल की अधिक चोट लगने से मौत हो चुकी है। विक्रम लाल का बेटा दीपक गंभीर रूप से घायल मिला। दीपक को तत्काल रेस्क्यू करके अस्पताल भिजवाया गया। दीपक का इलाज चल रहा है।

## गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मिले धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो दिवसीय गुजरात –अहमदाबाद दौरे के तहत गुरूवार सुबह गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार भेंट की। साथ ही उन्हें बाबा केदार का स्मृति चित्र भेंट किया। इस दौरान उनसे प्रवासी उत्तराखंडियों की मांग पर अहमदाबाद में उत्तराखंड भवन बनाए जाने के लिए सहयोग के लिए अनुरोध किया। साथ ही दोनों राज्यों में गतिमान विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा कर उन्हें देवभूमि भ्रमण के लिए भी



आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री धामी स्वतंत्रता आंदोलन के मुख्य केंद्र साबरमती आश्रम (सत्याग्रह आश्रम) भी पहुंचे। यहां उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता महात्मा गांधी को याद किया। साथ ही वहां चरखा भी चलाना सीखा।

## झांसा देकर 16 लाख हड़पे

काशीपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति द्वारा झांसा देकर 16 लाख रूपये हड़प लेने का मामला सामने आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मूल रूप से गाँव चाँद की नगला, पोस्ट ककुआ थाना मलपुरा, जिला आगरा उत्तर प्रदेश निवासी योगेश कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह ने कहा है कि वह विगत 2012 से साई धाम कालोनी विशाल नगर जसपुर खुर्द, काशीपुर में रहा रहा है। उसके परिचित देवराज सिंह पुत्र लखन सिंह निवासी पर्वतीय कालोनी, मानपुर रोड काशीपुर ने मित्रता का लाभ उठाते हुए एक षडयंत्र के तहत उसेअपने जाल में फँसा लिया तथा साढ़े 17 लाख रूपये उसके खाते से अपने खाते में ट्रान्सफर कराये। उसने पैसे को 3 या 4 माह में वापस कर देने की बात कही थी। परंतु वह एक डेढ वर्ष से टाल रहा है। देवराज ने डेढ़ लाख रुपये का चैक अपनी पत्नी श्रीमती रितु के खाते से दिया। जो कि कैश हुआ। शेष रकम सोलह लाख रूपये में उसने अपने बैंक खाते से तीन चैक 8 लाख रुपये के दिये हैं। जिसमें एक चैक 3 लाख रुपये का बिना भुगतान के खारिज हो गया है। चैक बाउंस होते ही उसने धमकी दी कि अब कोई पैसा नहीं दूंगा। उसकी धमकी से वह मानसिक रूप से परेशान है। बाकी चैक उसने बैंक में नहीं लगाये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पीपली वन स्थित पौराणिक मंदिर में जुटेंगे देश भर के विख्यात संत

### 3 और 4 नवम्बर को आयोजित होगा विशाल संत सम्मेलन और भंडारा

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के बार्डर पर मिलखानम स्वार के पीपली वन स्थित पौराणिक सिद्धपीठ माता बाल सुंदरी मंदिर में कल 3 और 4 नवम्बर को विशाल संत सम्मेलन और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश भर के प्रमुख संतों के साथ ही कई राजनेता भी शिरकत करेंगे। समाजसेवी क्षितिज सुखीजा के निवास पर पत्रकार वार्ता में जूना अखाड़ा के महंत सचिव मोहन भारती ने आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि विशाल संत सम्मेलन में मुख्य रूप से जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशनंद गिरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी और महामंत्री महंत हरी गिरी के अलावा अखाड़ा परिषद के सभी सदस्य श्री पंचायत दशानन जूनागढ़ की कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के अलावा देश भर से अनेक प्रसिद्ध संत, महंत महामंडलेश्वर भी शिरकत करेंगे। इनके




अलावा कार्यक्रम में देश और प्रदेश के कई राजनेता एवं समाजसेवी भी पहुंचेंगे। महंत मोहन भारती जी ने बताया कि पीपली वन स्थित मां बाल सुंदरी का मंदिर ऐतिहासिक और पौराणिक है। यहां पर आम दिनों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। 3 और 4 नवम्बर को आयोजित हो रहे दो दिवसीय कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भीड़ जुटने की उम्मीद है। 4 नवम्बर को विशाल भंडारे (शेष पृष्ठ सात पर)



# बेकाबू हो चुकी है हल्द्वानी की यातायात व्यवस्था

## चौड़े बाजार बन गए संकरी गली, मुख्य मार्ग बने पार्किंग स्थल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद के प्रमुख शहर हल्द्वानी मुख्य मार्ग तथा बाजार क्षेत्र की यातायात को सुचारू बनाने के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी पिछले कई दशकों से निरंतर जुटे हुए हैं। परंतु यातायात समस्या कम होने के बजाए और भी विकट होती जा रही है। जिस बाजार में दो ट्रक एक साथ गुजर सकते हैं वहां सुबह से देर सायं तक वाहन के साथ तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। नगर के मंगल पड़ाव, मीरा मार्ग, सदर बाजार, नया बाजार, पटेल चौक, कारखाना बाजार, रेलवे बाजार, आर्य समाज रोड़, वर्कशॉप लाईन, नल बाजार, बर्तन बाजार, मटर गली, रोडवेज चौराहा, साहूकारा लाईन, कालाढूंगी रोड़, बरेली रोड़, रामपुर रोड़ सहित तमाम ऐसे बाजार हैं जहां दिन भर दुकानों के आगे फड़ ठेली वाले कारोबार कर यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से बाधित का रहे हैं। प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ व यातायात सुधारने को चलाया जाने वाला अभियान एक त्यौहार की तरह हो गया है। बस एक दो दिन चलाया फिर चादर तान कर सो गए। पुलिस एवं प्रशासन के आलाधिकारियों के तमाम निर्देशों के बावजूद भी यातायात पुलिस और सीपीयू भी मिल कर शहर की बेपटरी हुई ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त नहीं कर पा रही है। बाजार में व्यापारियों की शह पर फड़ ठेली व खोखे लग रहे हैं तो वही रही सही कसर कि सड़क किनारे खड़े हो रहे वाहनों ने पूरी कर दी है। पुलिस भी मार्गों पर खड़े वाहनों का चालान काट कर खानापूर्ति करने में लगी हुई है। आलम यह ही कि ट्रांसपोर्ट नगर तथा गोरा पड़ाव से तिकोनिया तक पहुंचने में जम की समस्या से लोगों को काफी जूझना पड़ता है।तिकोनिया चौराहे से लेकर केएमओयू स्टेशन तक भी लंबे जाम से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को ढर्रे पर लाने की पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से नाकाम साबित हो गई है। शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस के सारे दावों की पोल खुल रही है। नगर के कई जागरूक व्यापारी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से बाजार क्षेत्र में घूमने वाले ठेली व फड़ कारोबारियों पर अंकुश लगाने की कई बार मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि इस कारोबारियों को मुख्य बाजार से हटकर स्थान उपलब्ध करा दिया जाए ताकि उनका परिवार भी पलता रहे। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शहर के बीच बनाए जा रहे नए पार्किंग स्थलों पर छोटे कारोबारियों को बैठा दिया जाए। पार्किंग स्थल बड़े मैदानों में बनाना चाहिए। ताकि वहां अधिक वाहन पार्क हो सकें। अब धन तेरस व दीपावली पर्व करीब आ गया है देखना है प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी बाजार सहित मुख्य मार्गों की यातायात व्यवस्था को कैसे संभालते हैं। सिर्फ दो चार दिन के लिए या स्थाई रूप से।





# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम डोंगपुरी में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोंगपुरी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी। इस दौरान नोडल अधिकारी के रूप में आरसी आर्य मुख्य शिक्षा अधिकारी





उधम सिंह नगर, भास्करानंद पांडेय खंड शिक्षा अधिकारी गदरपुर, सीडीपीओ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक गुलफाम अली, सहायक अध्यापक दिनेश चंद्र उप्रेती, रेनू रानी, प्रकाश चंद्र शर्मा एवं गांव के विभिन्न लोग उपस्थित रहे। कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया एवं कुछ समस्याओं के समाधान के लिए कोशिश की जाएगी जिसमें मुख्य रूप से अधिकांश ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके राशन कार्ड नहीं बने हैं एवं जिनके बने हैं तो वह त्रुटि पूर्ण बने हुए है जिसमें राशन कार्ड धारकों के पात्र एवं अपात्र की सर्वे की आवश्यकता है। कुछ लोगों के द्वारा शौचालय न होने की बात कही गई राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोंग पुरी में206 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं जिसमें तीन अध्यापक कार्य कर रहते हैं विद्यालय में शिक्षकोंकमी की बात कही गई जिसमेंतीन अध्यापक कार्यरत हैं विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया गया। मध्यान भोजन योजना विद्यालय में उसकी गुणवत्ता अच्छी है ग्रामीणोंद्वारा कहा गया विद्यालय में छात्र हेतु तीन शौचालय उपलब्ध हैं बालिका शौचालय की आवश्यकता है एवं चार दिवारी की आवश्यकता है बताया गया एएनएम सेंटर में नियमित रूप से टीकाकरण होता है एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को फोलिक एसिड इत्यादि गोलियां दी जाती हैं गांव में पेयजल की समस्या है जल जीवन मिशन की टंकी नहीं बनी हुई है बन रही है 110 हैंडपंप लगे हुए हैं समाज कल्याण द्वारा जो पेंशन दी जाती है उसमें विधवा पेंशन में एक व विकलांग पेंशन में एक महिला द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें पेंशन नहीं मिल रही है जिनको बताया गया कि वह अपना आधार कार्ड व आवेदन प्रधान के माध्यम से समाज कल्याण विभाग को भेज दें। वहीं प्रधान पति हर्षपाल सिंह ने भी ग्राम की समस्याएं जनता दरबार में अधिकारियों के सम्मुख रखीं इस इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अश्लील हरकतें करने के आरोपी पिता को पांच वर्ष का कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने के आरोपी कलयुगी पिता को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि मजरा प्रभु वार्ड नंबर 3 आलापुर नई बस्ती बाजपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने 25 जुलाई 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह कुछ समय पहले अपने बच्चों के साथ करन सागर के यहाँ कमरा किराए पर लेने आई थी तो उसने उसको कमरा देने के साथ ही उसके साथ विवाह कर लिया ।कहा कि 24 जुलाई 2021 की रात पति करन सागर शराब पीकर घर आया और पलंग पर दूसरी ओर लेट गया कुछ देर में कुछ आवाजें सुनाई दीं तो उसने उठकर देखा कि पति उसकी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड कर अश्लील हरकतें कर रहा था। उसने विरोध किया तो उसका गला दबाते हुए गालियॉ देते हुए कहा कि तूने बहुत परेशान कर रखा है आज तेरा और तेरी बेटी का किस्सा ही खत्म कर देता हूँ ,बड़ी मुश्किल से उसने अपना गला छुडाया ।पुलिस ने 26 जुलाई 2021 को करन को गिरफ्तार कर लिया उसके विरूद्ध पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट् में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी विकास गुप्ता ने 5 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने करन सागर को धारा 9/10 पॉस्को एक्ट में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने,धारा 354 में 3 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने एवं 323,504.506 भा०द०सं० में 1-1 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़िता को दी जायेगी । पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सरकार को निर्देश दिए कि पीडिता को क्षतिपूर्ति के रूप में 2 लाख रुपये प्रदान करें ।

# अपने कार्य और व्यवहार कुशलता से अच्छी छवि बनाएं राजस्व उपनिरीक्षक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बुद्धवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद में नव नियुक्त राजस्व उप निरीक्षकों (लेखपाल) के साथ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक ली। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व उप



निरीक्षकों को चयनित होने पर बधाई दी, जीवन में नई पारी की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आपको मिला पद सीधे जनता से जुड़ा पद है और कोई भी पद छोटा बड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जो पद मिला है, उसकी गरिमा बनाए रखें। पूरी निष्ठा तथा ईमानदारी से नियमानुसार कार्य करें और अपने कार्य, व्यवहार कुशलता के बल पर जनता व अफसरों के बीच अच्छी छवि बनाएं। जिलाधिकारी ने मार्गदर्शित करते हुए कहा कि फील्ड तथा अकादमिक ट्रेनिंग को पूरी गंभीरता से लेते हुए सभी बारीकियों को आत्मसात करें ताकि आगे चल कर कार्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने रजिस्टर, भूमि रिकॉर्ड, भूमि की नाप-जोख, खसरा खतौनी, नजरिया नक्शा, अभिलेख रख रखाव आदि के बारे में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि जनपद ऊधम सिंह नगर से कुल 56 अभ्यर्थियों का चयन राजस्व उप निरक्षक (लेखपाल) के पद पर किया गया है, जिसमे से सत्यापन हेतु कुल 54 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 02 अभ्यर्थियों के द्वारा उनका चयन किसी अन्य परीक्षा में होने के कारण योगदान नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि नव नियुक्त राजस्व उप निरीक्षकों (पटवारियों) को प्रशिक्षण हेतु रिक्त पद के सापेक्ष तहसील आवंटित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि तहसील खटीमा में 9, सितारगंज में 5, किच्छा में 6, रुद्रपुर में 6, गदरपुर में 4, बाजपुर में 10, काशीपुर में 9, जसपुर में 5 राजस्व उप निरीक्षक (लेखपाल) भेजे गए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, जय भारत सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कीर्ति बोनियाल सहित अन्य अधिकारी व राजस्व उप निरीक्षक आदि उपस्थित थे।

## बाईक पर अवैध शराब ले जाते एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को बाईक पर अवैध देशी शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक धीरज टम्टा, अ.उ. नि. भरत सिंह के साथ क्षेत्र में चैकिंग करते हुए शिवनगर तिराहे पर पहुंचे। जहां मुखबिर से सूचना मिलने पर कानि राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र को लेकर किच्छा बाईपास रोड पर वाहनों की चौकिंग करने लगे। कुछ देर में एक व्यक्ति तीन पानी की ओर से मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एजेड 5546 पर आता दिखाई दिया । पुलिस को देखकर वह बाईक को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

# भदईपुरा में शराब के नशे में चूर दबंगों ने घर में मचाया तांडव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भदईपुरा में शराब के नशे में चूर दबंगों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर जमकर तांडव मचाया। विरोध करने पर परिजनों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। दबंगों पर महिला से अभद्रता व छेड़छाड़ करने का भी आरोप है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के मुताबिक भदईपुरा वार्ड 16 निवासी अनिल कश्यप ने रम्पुरा पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बुधवार रात को मोहल्ले के निवासी दबंग किस्म लोग शराब के नशे में चूर थे और घर के पास गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर उक्त लोग धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि घर में जमकर तांडव मचाया और परिजनों से मारपीट की। तहरीर में हमलावरों पर महिला से अभद्रता व छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया है। शोर शराबा मचाने पर हमलावरों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित ने उक्त लोगों से जान माल का खतरा बताते हुए पुलिस से हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की। रम्पुरा पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल हमलावरों पर कार्रवाई नहीं हो सकी।

# मिठाई व मांस विक्रेता पर एडीएम कोर्ट ने लगाया जुर्माना

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मानकों के विपरीत प्रतिष्ठान में व्यापार करने पर एडीएम न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई के पश्चात एक मिष्ठान विक्रेता पर 60 हजार तथा एक मांस विक्रेता पर 40 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। अपर जिलाधिकारी डॉ. एसके बरनवाल ने बताया कि 2 मार्च 2023 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन द्वारा मै. अन्नपूर्णा मिस्ठान भंडार,निकट लीड बैंक, पिथौरागढ़ के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। जिसमे खुला मावा, मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर चालान की कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट पिथौरागढ़ में 22 सितंबर 2023 को वाद दर्ज किया गया। जिसमे न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट पिथौरागढ़ द्वारा सुनवाई करते हुए प्रतिष्ठान स्वामी दिनेश चंद्र जोशी पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा के अंतर्गत दोषी पाते हुए अधिनियम की धारा 51 के तहत 60 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। इसी प्रकार सिनेमा लाईन पिथौरागढ़ मेंस्थित मै. झटका मीट सेंटर में प्रतिष्ठान स्वामी द्वारा सभी मानक पूर्ण न किए जाने, समुचित साफ सफाई की व्यवस्था न पाए जाने पर 20 फरवरी 2023 को प्रतिष्ठान स्वामी का चालान करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट में28 मार्च 2023 को वाद दर्ज किया गया। जिसमे न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट पिथौरागढ़ द्वारा सुनवाई करते हुए मीट व्यवसाई को रुपए 40 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। इसके अलावा अपर जिला मजिस्ट्रेट ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि आगामी माह में दीपावली के त्यौहार पर सभी खाद्य कारोबार कर्ता मुख्यत: मावा, मिष्ठान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करते हुए खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की जाय तथा को मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते है, उन पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के प्रविधानो के अनुरूप कड़ी कार्यवाही की जाय।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# होली चाइल्ड के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में डोरी लाल अग्रवाल स्पोर्ट्स स्टेडियम, बरेली में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल के कक्षा-8 के छात्र हर्षित कुमार ने सब-जूनियर बालक वर्ग में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। इससे पूर्व छात्र ने रामपुर, उप्र में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता से विजेता होकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ था। विद्यालय के प्रध



ानाचार्य श्री मिन्टू दूबे ने बताया कि यह छात्र विद्यालय में अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्ट्स अकॉदमी के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर के बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर, फिजिकल एजूकेशन सुधाकर सिंह तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने कोच कमल जोशी व विजेता छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कोली, गौरव और सिमरनजीत का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नंबर 6 में सैकड़ों वार्ड वासियों द्वारा पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ एवं सभासद सिमरनजीत कौर का लगातार 5 सालों से विकास कार्य करने के लिए फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस कोहली जी ने कहा लगातार सभी वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं और करते रहेंगे। कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नही रहेगा। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी की नगर अध्यक्ष एवं सभासद सिमरनजीत कौर ने कहा कि ने कहा कि चुनाव के वक्त जो वादे जनता से किए पीछे नहीं रहेगा। इस मौके पर कांग्रेस महामंत्री जगरूप सिंह गोल्डी ने कहा कि नगर में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस क्षेत्र में विधायक निधि से पहले रोड वार्ड नंबर 6 में डाली गई थी वार्ड नंबर 6 में रेलवे फाटक से लेकर गोला नदी तक का



मौके पर उपस्थित लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि करीब पिछले 15 सालों से रुके हुए विकास कार्यों को सभासद सिमरनजीत कौर के प्रयासों से पूर्ण किया गया है। हम सभी वार्ड वासी सभासद सिमरनजीत कौर का आभार व्यक्त करते हैं एवं पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली को धन्यवाद देते हैं। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष श्री दर्शन थे उसे पूरा करने का भरसक प्रयास किया गया है और लगभग लगभग सभी वादे पूरे किए जा चुके हैं। वार्ड की हर गली को बना दिया गया है। अधिकांश जगहों पर नल लगा दिए गए हैं खंभों पर लाइट लगा दी गई है लोगों की पेंशन भी लगा दी गई है। जिस प्रकार हमने विकास कार्य किए हैं हम आगे भी करते रहेंगे हमारा क्षेत्र विकास से रोड का कार्य शुरू होने जा रहा है। हमारा यह क्षेत्र विकास की और आगे बढ़ रहा है और ऐसे ही आगे बढ़ता रहेगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश तिवारी गुड्डू,सुनीता कश्यप , प्रेमानंद, मीना सिंह, कलावती, संजय सक्सेना राकेश ठाकुर, रॉबिन वाला, प्रमोद ,रेखा यादव भोला भगत जानकी देवी पूनम रानी समेत सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

# औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान: डीएम

## जिला पंचायत द्वारा माल-भाड़ा सुविधा शुल्क वसूली बन्द कराने की मांग

रुद्रपुर। जिलाधिकारी उदराज सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग मित्र की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागर में सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी सभी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में उद्योग जगत की हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने बताया कि ओद्योगिक क्षेत्रों में मिट्टी भरान हेतु मिट्टी के लिए भटकना न पड़े, इसलिए पहले ही मिट्टी उठान हेतु भूमि चिन्हित कर ली गई है। बैठक में उद्यमियों ने जिला पंचायत द्वारा जनपद में अपनी चौकियों के माध्यम से वसूले जा रहे माल-भाड़ा सुविधा शुल्क बन्द कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी को तत्काल माल-भाड़ा सुविधा शुल्क के सम्बन्ध में मार्ग-दर्शन हेतु शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये तथा शासन से जवाब आने तक माल-भाड़ा सुविधा शुल्क बन्द करने के आदेश दिये। उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि श्रम विभाग द्वारा उद्यमियों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है तथा पत्रांक रहित पत्र भेजे जा रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों से कहा कि पत्रांक रहित भेजे गये पत्रों की प्रति जीएम डीआईसी को उपलब्ध कराई जायें ताकि सम्बन्धितों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा सके। बैठक में उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि परिसीमन के पश्चात इण्डस्ट्रीयल क्षेत्रों में नगर निकाय टैक्स नहीं वसूल सकते हैं। उन्होंने भदईपुरा, गाबा चौक-जाफरपुर मार्ग पर एनएच पर बरसात में जल भराव की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधि कारी ने परियोजना निदेशक एनएचएआई क्षेत्र, बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काशीपुर के कार्यालय को स्थानान्तरण किये जाने, ईएसआई द्वारा मेडिकल सुविधाओं हेतु बोर्ड का गठन आदि से सम्बन्धित विषयों



नगर निगम में शामिल क्षेत्रों में स्थापित इण्डिस्ट्रीज को निगम द्वारा टैक्स हेतु नोटिस जारी किये जा रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि यदि कोई इण्डस्ट्री, नोटिफाइड क्षेत्र से बाहर है तो उससे टैक्स न वसूलने से सम्बन्धित प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि अधिसूचित को जल निकासी हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ओमैक्स के सामने एनएच पर कट खुलवाने हेतु परिवहन, एनएचएआई, पुलिस विभाग के अधि कारियों को सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत परीक्षण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक में श्रम विभाग द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट की दरों वृद्धि, धरना प्रदर्शन भी विस्तार से चचा हुई। बैठक में एडीएम जय भारत सिंह, केजीसी सीआई अध्यक्ष अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, एसएस आईडब्ल्यूए के अध्यक्ष कृष्ण सत्यावली, पीडी एनएचएआई विकास मित्तल, क्षेत्रीय अधि कारी पीसीबी नरेश गोस्वामी सहित जनपद के उद्यमी एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

# विधायक अरविंद पांडे ने किया इलेक्ट्रिक शोरूम का उद्घाटन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्रीराम इलेक्ट्रिक शोरूम का क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया आपको बता दें कि बृहस्पतिवार सुबह 11बजे दिनेशपुर तिराहे के पास महाजन नर्सिंग होम के सामने नवनिर्मित शोरूम खुला है। जिसका नाम श्री राम इलेक्ट्रिक रखा गया है जिसके मालिक कृष्ण सिडाना व रिया सिडाना है। बृहस्पतिवार सुबह विधिवत पूजा अर्चना



के बाद क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया गया कृष्ण सिडाना ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली के अवसर पर विशेष छूट के साथ इलेक्ट्रिक सामान हमारे शोरूम पर उपलब्ध है। वह फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। दीपक बेहड, बंटी भुड्डी,आर पी सिंह,राजकुमार भुड्डी, राहुल अनेजा,संदीप चावला,हंस राज ग्रोवर,विजय सिडाना,रमन चौधरी,हरिशंकर, दीपक बटला,सन्नी बत्रा, डाक्टर जोगेंद्र सिंह,अशोक गुंबर, चंकित हुड़िया, धनंजय कुमार,दीपक ग्रोवर,रवि पाल, रिया सिडाना, अन्नू ग्रोवर,सैली गुलयानी,साहिबा चावला, कांता चावला, मंजू गुंबर,आदि लोग मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता शिव कुमार शिब्बू की माताजी रम्भावती के कृषि उत्पादन मण्डी समिति से सेवानिवृत्त होने पर मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने मण्डी समिति पहुंचकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। भाजपा कार्यकर्ता



शिब्बू की माताजी को मेयर रामपाल सिंह ने सफल कार्यकाल की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। मेयर ने कहा कि मण्डी समिति के विकास में शिव कुमार की माताजी का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर मण्डी समिति के अध्यक्ष के के दास भी मौजूद रहे।

# वार्ड सुरक्षा समिति का किया गठन

किच्छा(उद संवाददाता)। पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नशे के खिलाफ पुरानी गल्ला मंडी में सभासद सिमरनजीत कौर एवं जगरूप सिंह गोल्डी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग इकट्ठे हुए और एक सुरक्षा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व सर्वसम्मति से राकेश ठाकुर को समिति का अध्यक्ष संजय सक्सेना को महामंत्री, जगरूप सिंह गोल्डी एवं सभासद सिमरनजीत कौर को संरक्षक एवं कलावती को महिला महिला अध्यक्ष चुना गया। इन सभी लोगों से नगर में बढ़ रहे



नशे के खिलाफ नशे एक जुट हो कर कार्य करने का संकल्प लिया। समिती ने कोतवाली पुलिस से नशे के विरुद्ध आंदोलन में सहयोग करने अपील की गई। उप निरीक्षक राजेंद्र पंत ने समिति के सदस्यों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।इस मौके पर सुरक्षा समिति के जगरूप सिंह गोल्डी सभासद सिमरनजीत कौर राकेश ठाकुर,रॉबिन बाला कलावती प्रेमा भट्ट रेखा यादव भोला भगतआदि लोग मोजूद थे।

# सुजाहत यार खान भाजपा किच्छा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोनीत

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली ने जिला अध्यक्ष कमल जिंदल एवं मोर्चा के जिला प्रभारी मुकेश सनवाल की संस्तुति पर युवा भाजपा नेता सुजाहत यार खान को किच्छा भाजपा ग्रामीण मंडल का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा कर दी। जारी पत्र में जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली ने ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुजाहत खान को बधाई देते हुए आशा जताई कि उनके द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। नवनियुक्त ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खान ने संगठन महामंत्री अजय कुमार, जिला प्रभारी पुष्कर काला, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, उत्तराखंड



अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब, प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली एवं मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी हाई कमान ने जिस आशा के साथ उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपी है, वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर संगठन एवं पार्टी हित में कार्य करेंगे। सुजाहत खान के मनोनयन पर पार्टी के तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


SAMSUNG
DAIKIN
SONY
BOSCH
dyson
IFB
DELL
Haier
JBL
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
VOLTAS
SANSUI
गुरू माँ
महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव
सबसे कम दाम की गारंटी
सबसे ज्यादा 25% तक कैशबैक
अब इलैक्ट्रोनिक उपकरण
मात्र ₹990 से शुरु
"अब लायें 55" Sony LED TV सिर्फ ₹2995/- में और जी भर कर देखें
क्रिकेट वर्ल्ड कप का धमाल! मौका हाथ से जाने ना दें, सीमित समय के लिए!"
मनोरंजन का मजा लें LED टीवी पर विशेष छूटों के साथ
Washing Machine पे बड़ी डील्स, और साथ में ज्यादा सफाई
Refrigerators पे बड़ी डील्स, दे ज्यादा खुशियाँ
लेटेस्ट साउंड सिस्टम्स पर आकर्षक डील्स
RO पर विशेष छूट
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरु*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338 , Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007 Pilikothi +91-8923468434 Pilikothi +91-9690256666 HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704
MORADABAD- Moradabad +91-7500839146 GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999 KICHHA- Kichha +91-7017595920 LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735
DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000








# करवाचौथ व्रत रख सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु की कामना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ व्रत रख कर पति की दीर्घायु की कामना कर रात्रि में उदय होते चन्द्रमां की पूजा अर्चना कर व्रत को पूर्ण किया। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, मां वैष्णों मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, मां अटरिया मंदिर सहित अनेक मंदिरों तथा मौहल्लों के कई आवासों में महिलाओं द्वारा सुसज्जित परिधानों में सायंकाल सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की गई। पति की दीर्घायसु की कामना को लेकर गत तड़के से महिलाओं का प्रारम्भ हुआ निर्जला व्रत रात्रि करीब सवा आठ बजे चन्द्रमां के उदय होने के बाद महिलाओं ने चन्द्र दर्शन कर उसे अर्ध्य दिया और पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत को पूर्ण किया। महिलाओं ने परिवार के वरिष्ठ जनों के चरण स्पर्श कर उनका आर्शीवाद भी लिया। इस मौके पर सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख व पूजा-पाठ कर पति की दीर्घायु के लिए कामना की और चांद का दीदार कर व्रत खोला। बुधवार को सुबह घरों में शिव-पार्वती व गणेश भगवान की पूजा के साथ ही सुहागिनों ने व्रत की शुरुआत की। दिन में व्रत कथा का श्रवण किया। शाम को हर किसी को चांद निकलने का इंतजार रहा। रात आठ बजकर दस मिनट के बाद चांद का दीदार होने पर सुहागिनों ने पूजा व अर्घ्य देकर छलनी से जीवनसाथी का चेहरा देखा। पति ने पत्नी को जल पिलाकर व्रत संपन्न करवाया, जिसके बाद घरों में लोगों ने स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया। करवा चौथ के लिए महिलाओं में काफी उत्साह का माहौल रहा। महिलाएं बाजारों में भी सामान व उपहार खरीदने के लिए भी पहुंची। खासतौर पर पूजा की तैयारी के लिए करवा का सेट, पूजा के लिए पूजन सामग्री और फूलों की खूब खरीदारी हुई। वहीं संवरने के लिए ब्यूटी पार्लरों में थ्रेडिंग बनवाने व मेहंदी लगवाने के लिए बाजारों में दिन भर लगी रही। पति ने पत्नियों को सोना-चांदी सहित विभिन्न उपहार भेंट किए।














## चुघ परिवार ने धूमधाम से मनाया करवाचौथ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम भूरारानी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा चुनाव संचालन समिति प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ के परिजनों द्वारा गत सायं करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर परिवार की माताजी श्रीमती उर्मिला रानी चुघ के साथ उनकी पुत्रवधू कनिका चुघ, लीना चुघ, परिधि चुघ, मनीषा चुघ, एवं वृंदा चुघ ने सुसज्जित परिधान में पंडित जी से वीरो कुड़ी की कथा का श्रवण किया तथा विधि विधान से पूजा अर्चना की। तत्पश्चात रात्रि चंद्रमा के उदय होने पर श्रीमती उर्मिला रानी चुघ एवं पिता चुन्नीलाल चुघ की छत्रछाया में पुत्र भारत भूषण चुघ के साथ पुत्रवधू कनिका चुघ ने, तरुण चुघ के साथ लीना चुघ ने, मनीष चुघ के साथ परिधि चुघ ने, सनी चुघ के साथ मनीषा चुघ ने एवं पारस चुघ के साथ वृंदा चुघ ने चंद्रमा की पूजा अर्चना कर अर्क दिया और छन्नी में पति के दीदार कर उनकी लंबी आयु की कामना की। जिसके बाद चुन्नी लाल चुघ, भारत भूषण चुघ, तरुण चुघ, मनीष चुघ, सनी चुघ, पारस चुघ ने अपनी धर्मपत्नियों को जल पिलाकर उनके करवा चौथ व्रत को पूर्ण कराया। सभी पुत्र तथा पुत्रवधुओं ने माता पिता उर्मिला रानी चुघ व चुन्नीलाल चुघ से आर्शीवाद लिया।

## करवाचौथ पर गीता धामी ने वीडियो कॉलिंग से पूजा अर्चना कर खोला व्रत

देहरादून(उद संवाददाता)। करवा चौथ पर्व के लिए महिलाओं में काफी उत्साह का माहौल रहा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने करवा



चौथ पर्व पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। वहीं करवाचौथ पर्व के दिन बुधवार को अहमदाबाद से वीडियो कालिंग पर मुख्यमंत्री के साथ जूड़ी। उनकी पत्नी



श्रीमती गीता धामी ने देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास से वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर करवा चौथ की आनलाईन पूजा अर्चना की और व्रत खोला। साथ ही पति का दीदार कर उनकी दीर्घायू होने की ईश्वर से कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिसंबर में आयोजित होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। बुधवार को वह गुजरात में रहे। उन्होंने प्रदेश में मातृ शक्ति का सम्मान करते हुए राज्य में महिला कार्मिकों के लिए करवा चौथ पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया थो।

## किच्छा में भी धूमधाम से मना करवाचौथ

किच्छा(उद संवाददाता)। करवा चौथ का पर्व सुहागिन महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र एवं स्वस्थ रहने की कामना करते हुए अन्न जल त्याग कर उपवास रखा और देर शाम चांद के दीदार के बाद पूजा अर्चना कर जल ग्रहण किया। सुहागिन महिलाओं द्वारा पति के स्वस्थ रहने तथा दीर्घायु की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा जाता है। बुधवार को महिलाओं ने पूजा अर्चना कर पूरे दिन का उपवास रखा। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की। करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया और विधि विधान से पूजा अर्चना कर उपवास रखा तथा देर शाम नगर के दर्जनों स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की और करवा चौथ व्रत की कथा सुनी। देर शाम चांद का दीदार करने के साथ ही व्रतधारी महिलाओं ने पूजा अर्चना करते हुए अपने पति के हाथों से अन्न जल ग्रहण कर उपवास खोला।





## सकैनिया में निकली राम बारात

गदरपुर (उद संवाददाता)।सकैनिया रामलीला कमेटी सकैनिया के तत्वाधान में प्रभु श्री राम की बारात धूमधाम से निकाली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभु श्री राम की बारात सकैनिया मुख्य चौराहे से प्रारंभ होकर क्षेत्र के अनेकों मार्गो से गुजरते हुए मजरा झुंनी, मजरा मरदान सहित कई गांवों से जुगरी क्षेत्रों में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा प्रभु श्री राम की बारात का स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र का माहौल



भी भक्ति मे डूब गया वही जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा प्रभु श्री राम के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया । इस दौरान ग्राम प्रधान संजय चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह सोनू, पूर्व ग्राम प्रधान सतनाम दास कंबोज, किशन लाल कंबोज, रमेश चंद कम्बोज, डिंपल कंबोज, राजेश तोमर, निर्मल सिंह कंबोज,लाखन सिंह सहित अनेको ग्रामीण बारात में मौजूद रहकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**उत्तरांचल दर्पण**
**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बांग्लादेश और भारत की आर्थिक साझेदारी

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत के लिए बांग्लादेश एक अहम पड़ोसी है और आर्थिक साझेदारी सहित कई स्तर पर चल रही सहयोग आधारित परियोजनाएं दोनों देशों के लिए काफी महत्त्वपूर्ण हैं। यही वजह है कि समय-समय पर वैसी परियोजनाओं को लेकर दोनों पक्ष गंभीर रहे हैं, जिनसे परस्पर संबंधों में बेहतरी के साथ-साथ आर्थिक मोर्चे पर नए आयाम खुल सकें। बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिन तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, वे न केवल कारोबार के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण अध्याय हैं, बल्कि दोनों तरफ की आम जनता के लिए उपयोगी और दोस्ती के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती हैं। गौरतलब है कि भारत की सहायता से जिन तीन परियोजनाओं की शुरुआत हुई, उनमें त्रिपुरा के निश्चिंतपुर और बांग्लादेश के गंगासागर के बीच रेल संपर्क, खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र की दूसरी इकाई शामिल हैं। ये तीनों परियोजनाएं सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच आवाजाही में लगने वाले समय को भी कम करेंगी। इस मौके को भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग के जारी सफर की एक और कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से संबंधों में सुधार की दिशा में एक निरंतरता कायम है। यह बांग्लादेश में निवेश को लेकर चीन की विशेष दिलचस्पी के बावजूद संभव हुआ है। इससे पहले बीते नौ वर्षों के दौरान तीन नई बस और तीन नई रेल सेवाएं शुरू की गई। तीन साल पहले से दोनों देशों के बीच कंटेनर और पार्सल ट्रेन चल रही है और समुद्री मार्ग को भी सवारी और माल की आवाजाही के लिए विकसित किया गया। इस संदर्भ में विश्व की सबसे बड़ी क्रूज सेवा 'गंगा विलास' के शुरू होने के बाद पर्यटन को बढ़ावा मिला है, वहीं चटगांव और मंगला बंदरगाह के रास्ते से भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को जोड़े जाने का लाभ दोनों देशों को हुआ है। इसी साल मार्च में भारत-बांग्लादेश डीजल पाइपलाइन का उद्घाटन भी हुआ, जिसे ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल, भारत की 'पड़ोसी पहले' की नीति में बांग्लादेश को खास माना जाता है। दोनों देशों के बीच आर्थिक तकाजों के साथ-साथ सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक संबंध अच्छे रहे हैं। अपने निर्माण से लेकर वर्तमान तक बांग्लादेश भारत के साथ साझा इतिहास और विरासत के पहलू संबंधों की कड़ियों को जोड़ते हैं। सही है कि कुछ मसलों पर उतार-चढ़ाव और अड़चनें रही हैं, जिन्हें वक्त रहते सुलझाना जरूरी है। मगर तीन ओर से भारतीय सीमा से घिरे होने की वजह से बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति में भारत की जगह अपने आप खास हो जाती है। जबकि यही दोनों देशों को एक दूसरे लिए महत्त्वपूर्ण बनाती है। दरअसल, हाल के वर्षों में एशिया के मौजूदा सामरिक हालात के समांतर पाकिस्तान और चीन का रुख जगजाहिर रहा है। हालत यह है कि पाकिस्तान और चीन की ओर से बिना उकसावे के सीमा पर जैसी स्थितियां पैदा की जाती रही हैं, वह भारत के लिए एक चिंता का ही मोर्चा रहा है। वहीं बांग्लादेश की धरती से भारत में अपनी गतिविधियां चलाने वाले अलगाववादी गुटों को अब कुचल दिया गया है, जिसकी वजह से पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति लाने में काफी मदद मिली है। जाहिर है, आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय संतुलन में बेहतरी लाने के लिहाज से दोनों देशों के बीच जो नए आयाम खुल रहे हैं, उसका दूरगामी महत्त्व है।

# अहमदाबाद रोड शो में 50 से अधिक उद्योग समूहों के साथ 20 हजार करोड़ के एमओयू

## सीएम धामी ने किया साबरमती रिवरफ्रंट के अटल फुट ओवर ब्रिज का भ्रमण
## प्रवासियों ने सीएम ने किया गुजरात में उत्तराखंड भवन बनाने का अनुरोध

अहमदाबाद/देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में आगामी 8-9 दिसंबर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु अहमदावाद में आयोजित रोड शो में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में 50 से अधिक उद्योग समूहों के साथ 20 हजार करोड़ के एमओयू किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न उद्योग समूहों के साथ बैठक करते हुए सभी निवेशकों को समिट के लिए आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अहमदाबाद में यह छठवां रोड शो आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान भी जो सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सभी पर अमल किया जा रहा है। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है। इसको और प्रभावी बनाया जा रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने कहा कि उद्योगों की स्थापना के लिये उत्तराखण्ड में शांतिपूर्ण वातावरण है। राज्य में तेजी से निवेश बढ़े इसके लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नीतियों के सरलीकरण एवं नई नीतियों के क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर.के सुधांशु, सचिव श्री विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक उद्योग श्री रोहित



मीणा और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े निवेशक मौजूद थे। बुधवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साबरमती रिवरफ्रंट के पश्चिम और पूर्वी हिस्से को जोड़ने वाले प्रतिष्ठित अटल फुट ओवर ब्रिज का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने इसे आधुनिक तकनीकि का बेजोड़ नमूना बताया, उन्होंने कहा कि यह पुल अपने सुंदर संरचना से साबरमती के सौंदर्य से भी पर्यटकों को आकर्षित कराता है। इसमें लोगों के आवागमन की भी बेहतर व्यवस्थायें की गई हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अटल ब्रिज के प्रोजेक्ट हेड श्री सुशांत से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सचिव श्री विनय शंकर पांडे को उत्तराखंड में भी अटल ब्रिज की तर्ज पर ब्रिज बनाए जाने की संभावनाएं तलाशे जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अटल ब्रिज देखने हेतु विभिन्न प्रदेशों से आए पर्यटकों से भी मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने से अहमदाबाद में उत्तराखण्ड सेवा समिति अहमदाबाद के प्रतिनिधियों ने भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी उत्तराखण्ड वासी देश व विदेश में अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर स्वयं के साथ प्रदेश को भी पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने अहमदाबाद सहित गुजरात के अन्य शहरों में रह रहे प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों से अपने राज्य के विकास में सहयोगी बनने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों से अपने बच्चों को अपनी बोली भाषा सिखाने पर भी ध्यान देने की अपेक्षा की। उत्तराखण्ड सेवा समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि हम यहां भवन बनाने के लिए गुजरात सरकार से जमीन संपादन हेतु आपके सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। उनके द्वारा अहमदाबाद से काठगोदाम एवं रामनगर के लिए ट्रेन चलाने का भी अनुरोध किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड सेवा समिति के श्री प्रवीन पाण्डेय, एल. पी. गैरोला आदि उपस्थित थे।






# राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज रुद्रपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का मेयर रामपाल सिंह एवं श्री गुरु नानक प्रबंध समिति के प्रबंधक गुरमीत सिंह ने संयुक्त रूप से विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर रामपाल ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी हैं। खेल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं। खेल से शरीर फिट होता है। इससे टीमवर्क और लीडरशिप की भावना बढ़ती है। खेल के माध्यम से नीरस जीवन में भी ऊर्जा का संचार होता है। खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। वर्तमान में स्पोर्ट्स में बेहतर जॉब के अवसर मिल रहे हैं। भाजपा सरकार खेलों और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रोत्साहन दे रही है। आज खेलों में कैरियर बनाने की संभावनायें लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दे रही है। ऐसे में अभिभावक की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्हें अपने स्तर पर ही बच्चों को खेल से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। प्रतियोगिता में या तो खिलाड़ी जीतता है या फिर सीखता है। इस अवसर पर प्रबंधक गुरमीत सिंह ने कहा कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में देहरादून, उयधम सिंह नगर, बागेश्वर और नैनीताल आदि जनपदों की टीमें हिस्सा ले रही है। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र, प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति अग्रवाल, जिला खेल समन्वय लक्ष्मण टाकुली, प्रवीण चौहान, सतिंदर कौर, कविता छाबड़ा, दीपा विद्यार्थी, इंदु पांडे, जानकी पंत, अनु चौधरी, दीपक रावत, उत्तम, अंजली गुप्ता आदि मौजूद थे।





# अल्मोड़ा में पुलिस ने ढाई किलो चरस के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पुलिस ने 1.150 किलो चरस के साथ बरेली के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर चरस को रुद्रपुर पहुंचाकर ऊंचे दामों में सिडकुल के कर्मियों को बेचने की फिराक में था। पुलिस के मुताबिक बीते मंगलवार को मोरनौला चौकी के शहरफाटक बाजार के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। मुखबिर की सूचना पर टीम ने अनिल कुमार निवासी बिहारीपुर, बरेली, उत्तर प्रदेश की तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से 1.150 ग्राम चरस बरामद की गई। टीम ने उसे गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा है। सीओ विमल प्रसाद ने बताया कि आरोपी रुद्रपुर सिडकुल में नौकरी करता है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी बेड़चूला, मुक्तेश्वर से चरस खरीदकर लाया था जिसे वह सिडकुल के कर्मियों को और बरेली पहुंचाकर युवाओं को ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में था। टीम में थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत, एसआई संजय जोशी, हेड कांस्टेबल ललित मोहन जोशी, देवराज सिंह, दिनेश कार्की, कांस्टेबल गिरीश प्रसाद शामिल रहे। वहीं एक अन्य तस्कर को पुलिस ने एक लाख से अधिक कीमत की चरस के साथ एक और तस्कर को गिरफ्तार किया है। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ मंहत के





नेतृत्व में पुलिस टीम धौलकड़िया तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दीवान सिंह पुत्र स्व. नर सिंह निवासी ग्राम कटना धारी थाना मुक्तेश्वर के कब्जे से 1 किलो, 200 ग्राम चरस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका लड़का चरस के साथ दिल्ली में पकड़ा गया था, जिसकी जमानत आदि के लिए उसने लोगों से काफी पैसा उधार लिया था लोगों से उधार लिये गये रुपयों को चुकाने के लिए उसने अपने गांव में भांग से चरस तैयार की थी, जिसे वह हल्द्वानी की तरफ बेचने ले जा रहा था। पकड़ी गयी चरस की कीमत एक लाख बीस हजार रूपये आंकी गयी है। टीम में थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ मंहत के अलावा हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह मेहता भी थे।

# डीएम वंदना ने किया गौलापार खेडा एवं कुंवरपुर ग्राम पंचायतों का भ्रमण

## कालीचौड़ मन्दिर मार्ग एवं किसान सेवा सहकारी समिति केंद्र का निरीक्षण कर दिये निर्देश





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने बुधवार को गौलापार खेडा एवं कुंवरपुर ग्राम पंचायतों के भ्रमण के दौरान खेड़ा स्थित कालीचौड़ मन्दिर मार्ग का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये मौके पर आवश्यक दिशा निर्देश। खेडा स्थित कालीचौड मन्दिर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि मन्दिर के समीप लगभग 500 मीटर पैदल मार्ग का सुधारीकरण हेतु शीघ्र प्रस्ताव बनायें साथ ही मोटर मार्ग के लिए वन विभाग मार्ग निर्माण हेतु सहमति दे तो मार्ग का निर्माण वन विभाग से कराया जाए अन्यथा की स्थिति में उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि मार्ग निर्माण हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता ने बताया कि मन्दिर मार्ग में गैठाणी नाले मे काजवे हेतु 12.72 लाख की धनराशि का टैंडर हो चुका है शीघ्र कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने मन्दिर मार्ग में सीतावनी नाले में काजवे एवं मोटरेबल ब्रिज निर्माण के लिए तकनीकी संस्था से समन्वय कर स्टीमेट बनाया जाए। जिलाधिकारी के मन्दिर पहुचने पर मन्दिर के स्टाफ एवं पुजारी जो रात्रि में मन्दिर में निवास करते है उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि मन्दिर के आसपास के क्षेत्र में फैंन्सिग वायर एवं सोलार लाईट लगाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने विभाग को उक्त हेतु प्रस्ताव बनाने के आदेश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी वंदना ने किसान सेवा सहकारी समिति कुंवरपुर में उत्तराखण्ड सहकारी संघ (यूसीएफ) द्वारा लगाये गये धान क्रय केन्द्र एवम सहकारी समिति के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि क्रय केंद्र पर सरकार की और से किसानों को दी जाने वाली सुविधाएं नोटिस बोर्ड पर दर्शाई जाएं और साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी अंकित किए जाएं जिससे किसानों को किसी भी असुविधा की स्थिति में सहायता प्रदान की जा सके ।उन्होने सम्बन्धित तहसीलदार को निर्देश दिये कि सभी क्रय केन्द्रों पर नमी मापक यंत्र, कॉटा, पीने के लिये पानी के साथ ही किसानों को क्रय केन्द्र में मूलभूत आवश्यक व्यवस्था का सत्यापन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सहकारी संघ द्वारा किसानों को क्रय केन्द्रों पर दी जाने वाली सुविधाओं का फ्लैक्सी भी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के प्रगतिशील किसानों से वार्ता कर अन्य किसानों के साथ गोष्ठी की जाए ताकि अन्य किसान अपनी फसल से कम लागत में तकनीक इस्तेमाल कर अच्छी उपज ले सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को नैनो डीएपी, यूरिया उर्वरक के इस्तेमाल से उर्वरक के लागत में कमी, पैदावार अधिक, व प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है साथ ही भूमि की उर्वरक शक्ति को कोई नुकसान नही होता है। इसके लिए कृषि विभाग किसानों के मध्य गोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को नैनो उर्वरक के बारे में जागरूक करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र पर आए किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं भी सुनी । इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा अधिशासी अभियंता सिंचाई बीसी नैनवाल, बसंत सनवाल, मुकेश बेलवाल, हरीश भाकुनी, अभिषेक सुयाल के साथ ही उत्तराखण्ड सहकारी संघ व किसान सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार शोरूम में तिजोरी चोरी का खुलासा,मध्य प्रदेश के दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पुलिस ने रामपुर रोड़ स्थित एक शोरूम से नगदी भरी भारी भरकम तिजोरी चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते एस एस पी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 15.10.2023 को संजय अग्रवाल पुत्र स्व. चंदा राम निवासी बजरंग मोटर्स रामपुर रोड हल्द्वानी द्वारा तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा 14.10.2023 को उसके रामपुर रोड में स्थित बजरंग मोटर्स शोरूम में घुसकर आफिस का दरवाजा तोडकर तिजोरी चोरी कर ली गयी है। तहरीर के आधार पर कोतवाली मे अभियोग दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि घटना का खुलासा करने हेतु टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज छानी गई। काफी प्रयासों के पश्चात पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त चोरों की जानकारी प्राप्त हुई और मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले के थाना तेजाजीनगर क्षेत्र से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं शेष 2 आरोपियो की तलाश जारी है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की धनराशि भी बरामद कर ली गयी। इसके अतिरिक्त अभियुक्तगणों द्वारा घटना हेतु जिस किराये का वाहन संख्या एमपी09 जेडवी-6880 का प्रयोग किया गया था, उक्त वाहन को भी मौके से कब्जे में लिया गया। अभियुक्तों से पूछताछ करने से ज्ञात हुआ कि आरोपी मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं तथा इनके द्वारा प्राईवेट कार को प्रतिदिन 3000 की दर से किराये में लिया गया तथा उससे 14.10.2023 को हल्द्वानी पहुंचकर शोरूमों की रैकी गयी। जिसके बाद मौका पाकर रामपुर रोड स्थित महिन्द्रा के शोरूम में रात के समय घुसकर वहां रखी तिजोरी उठाकर गाडी में डालकर ले गये व बेलबाबा से आगे टांडा जंगल पर इनके द्वारा तिजोरी को लोहे के घन से तोडा गया और उसमें रखकर लाखों की नगदी लेकर फरार हो गये। जिसे पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में राहुल मोहिते पुत्र कमल मोहिते निवासी मरीमाता मोरोद थाना तेजाजीनगर, इन्दौर मध्यप्रदेश व करन चौहान पुत्र सीताराम निवासी उपरोक्त शामिल हैं। उनके साथियों विजय उर्फ काना व शिवा चौहान की तलाश की जा रही है।





# सिटी फारेस्ट पार्क और गिर्जया माता मन्दिर के सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण

रामनगर(उद संवाददाता)। बुधवार को जिलाधिकारी वंदना ने रामनगर पहुचकर रामनगर मे वन विभाग द्वारा निर्मित नगर वन पार्क के विस्तारीकरण एव सौन्दयीकरण के कार्य, गर्जिया माता मन्दिर का सुरक्षात्मक कार्यों के सम्बन्ध मे निरीक्षण के पश्चात लोनिवि सभागार रामनगर मे पूर्व मे रामनगर भ्रमण के दौरान दिए गये निर्देशो के क्रम में विकास कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रामनगर में वन विभाग द्वारा बनाए गए 17 हेक्टेयर भूमि पर नगर वन पार्क का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रसन्नता जताते हुए वन विभाग के अधिकारियों को पयटको ,बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए कई एक्टिविटी सुचारू करने के निर्देश दिये। इस दौरान डीएम ने रुद्राक्ष का का पौधा भी लगाया। प्रभागीय वन अधिकारी रामनगर ने डीएम को बताया की नया सिटी फारेस्ट जो 17 हेक्टेयर भूमि पर बनाया गया है जिसमे चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, कई वाटिकायें और कॉर्बेट पार्क में रहने वाले वन्यजीवों को दर्शाया गया है,साथ ही पैदल ट्रैक भी के साथ ही पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है। जिलाधिकारी ने डी एफ ओ को द्वितीय फेस के कार्यो का विस्तारीकरण एव सौन्दयीकरण के अलावा अन्य कार्यो के लिए तत्काल डीपीआर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि पार्क को पर्यटन एव स्थानीय लोगो के अनुकूल ओर अधिक विकसित किया जा सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर में आपदा से हुए नुकसान का भी निरीक्षण करते हुए सिचाई विभाग के अधिकारिंयो को जीर्णोद्धार एव तत्कालिक सुरक्षात्मक कार्य हेतु आवश्यक समाधान करने के लिए तत्काल कायो की डीपीआर शासन को आवश्यक संशोधन के साथ उपलब्ध करने के निर्देश दिए साथ ही मन्दिर परिसर मे सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम रामनगर राहुल शाह को मन्दिर समिति,नगर पालिका,वन विभाग, सम्बन्धित पुजारी,दुकानदारो एव जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मंदिर क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था एव मन्दिर सरिसर को सुव्यवस्थित स्वरूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग रामनगर के विश्रामगृह में रामनगर विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन सम्बन्धित विभागो मे टेन्डर प्रकिया, भूमि हस्तांतरण या आपत्ति के अलाव अन्य कोई मामले हो जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हो उनका आपसी तालमेल बनाते हुए समाधान निकालना सुनिश्चित करें साथ कार्यो मे गुणवत्ता, पारदर्शिता एव समय का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। कहा विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल मे लायी जायेगी। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी अकरम, एसडीएम राहुल शाह के साथ ही सम्बधित विभागो के अधिकारी एव जन जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# ठंडे तापमान में बढ़ जाता है हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा

जबसे कोरोना की महामारी की शुरुआत हुई है तबसे दिल की बीमारियों से लोगों का ध्यान हट गया है। हालांकि, विश्वस्तर पर हार्ट अटैक के कारण मृत्युदर और बीमारी की दर को अक्सर



अनदेखा किया जाता है लेकिन अभी भी बहुत से ऐसे देश हैं जिन्हें इसके मृत्युदर के प्रकोप का आज भी सामना करना पड़ रहा है। विश्वस्तर पर, हर साल 20 करोड़ से भी ज्यादा लोगों में दिल की किसी न किसी बीमारी की पहचान होती है। और अबतक 2 करोड़ लोगों की जान जा चुकी है जिसके अनुसार इस बीमारी की मृत्युदर 10% है। हर साल 6 करोड़ मरीजों के साथ, दुनिया भर के देशों की तुलना में भारत में दिल के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है, जो लगातार बढ़ रही है। इन आंकड़ों के अनुसार, हर रोज लगभग 9000 मरीजों की मौत हो जाती है। भारत में लगभग 8-10 करोड़ मरीज दिल की बीमारियों से जूझ रहे हैं, जहां प्रति 10 सेकेंड में एक मरीज मर रहा है। **प्राकृतिक बाईपास तकनीक एक बेहतरीन विकल्प :** दरअसल, भारत के अस्पतालों में हर साल लगभग 2 लाख मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी की जाती है, जिसकी संख्या प्रति वर्ष 25% की दर से बढ़ रही है। लेकिन इतने प्रयासों के बावजूद हार्ट अटैक के मामलों में कमी नहीं आई है। इसके कारण भारत में एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी के इस्तेमाल पर सवाल उठ रहे हैं जहां लगभग 10,000 अस्पतालों में लालची हार्ट सर्जन और कार्डियोलॉजिस्ट काम करते हैं। भारत में, 5 लाख से भी ज्यादा स्टेंट लगाए जाते हैं और लगभग 60,000 बाईपास सर्जरी दिल के अस्पतालों में की जाती हैं जिसमें से 85% उन मरीजों पर की जाती है जिन्हें बिना सर्जरी के ठीक किया जा सकता है। वर्तमान में, सभी डॉक्टर बाईपास सर्जरी या एंजियोप्लास्टी, दवाइयों और इमरजेंसी ट्रीटमेंट पर ज्यादा जोर देते हैं, जिसके कारण वे हार्ट अटैक और हृदय रोगों के मूल कारण को नहीं समझ पाते हैं। चूंकि, बीमारी के इलाज की प्रक्रिया में खून का बहाव होता है जिससे संक्रमण का खतरा रहता है। ऐसे में यदि किसी मरीज को प्राकृतिक रूप से ठीक किया जा सकता है तो ऐसी खतरनाक प्रक्रियाओं को अनदेखा करना ही बेहतर है। ईसीपी, जिसे प्राकृतिक बाईपास तकनीक के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी प्रक्रिया है जो बाईपास या स्टेम सेल थेरेपी की तरह ही शरीर को नई रक्त वाहिकाओं को बढ़ाने के लिए सक्षम बनाती है। मरीजों का जीवन बेहतर हो जाता है जबकी टेस्ट की मदद से दिल के स्वास्थ्य का पता चलता रहता है। इसमें मरीज को सीने के दर्द, सांस की समस्या, थकान और चक्कर आदी से छुटकारा मिल जाता है। **जीवनशैली में बदलाव जरूरी:** ऑप्टिमम मेडिकल मैनेजमेंट के साथ योग और डाइट आधारित जीवनशैली की मदद से हृदय रोगों में कमी लाई जा सकती है। ये न सिर्फ दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं बल्कि बाईपास सर्जरी और एंजियोप्लास्टी की जरूरत को भी खत्म करते हैं। साओल (साइंस एंड आर्ट ऑफ लिविंग) पिछले 25 सालों से दिल के मरीजों का सफलता पूर्वक इलाज करता आ रहा है। हार्ट अटैक से बचाव के लिए मरीजों के लिए जीवनशैली ट्रेनिंग और एलोपैथिक दवाइयां लेना जरूरी है। **बिना तेल का खाना :** ट्राइग्लिस राइड्स एक प्रकार का तेल होता है, जो धमनियों को ब्लॉक करके विभिन्न प्रकार के हृदय रोगों का कारण बनता है। इसका यह अर्थ है कि हम हर रोज चाहे कितना भी कम तेल वाला खाना खाते हों, लॉग रन के हिसाब से हम खुद को एक बड़ी मुश्किल में डाल रहे हैं। हालांकि, अधिकतर लोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए तेल का उपयोग करते हैं। लेकिन क्या किसी को पता है कि बिना तेल के इस्तेमाल के भी खाने का स्वाद बढ़ाया जा सकता है? हमने 1000 से भी ज्यादा रेसिपी तैयारी की हैं जो न सिर्फ बिना तेल के बनाई जा सकती हैं बल्कि उनमें स्वाद की भी कोई कमी नहीं है। हमारे शरीर को जितनी मात्रा में वसा की जरूरत होती है, वह चावल, सब्जियां, फल, गेंहू और दाल आदि से पूरी हो जाती है।

**-डॉक्टर बिमल छाजड़,**
**निदेशक, साओल हार्ट सेंटर**

## पेज एक का शेष...

**पीपली वन स्थित...**का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीते कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी। तैयारियां अब पूर्ण हो चुकी है। पत्रकार वार्ता के दौरान समाजसेवी दिपिन सुखीजा ने कहा कि देश भर के विख्यात संतों का यहां आना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि संतों के चरण यूपी और उत्तराखण्ड की धरती पर पड़ने से निश्चित ही भविष्य में इस समूचे क्षेत्र का कल्याण होगा। उन्होंने महान संतों का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। पत्रकार वार्ता में संत शिवानंद, संत ओम भारती जी,संत कोठारी लाल भारती, संत धर्मेंद्र गिरी एवं दीपक हुड़िया भी मौजूद रहे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'गांधी पार्क' की शिफ्टिंग से गहरा सकता है बाजार का 'आर्थिक संकट'

## बाजार में पहले से ही ग्राहकों का अभाव, नई दुकान स्थिति को बना सकती हैं और भी सोचनीय , तमाम विकल्प मौजूद होने के बावजूद पार्किंग के नाम पर पार्क की कुर्बानी क्यों?

-अर्श-

रूद्रपुर। शहर के वे लोग, जो गांधी पार्क को रुद्रपुर की जीवंतता लिए अपरिहार्य एवं शहर की पहचान मानते हैं और वे जिनका जिनका बचपन नगर के इस सबसे बड़े एवं पुराने पार्क मे खेलते-कूदते घूमते एवं अल मस्ती चुहलबाजियां करते गुजारा है, की दृष्टि से यह खासी राहत की बात है कि गांधी पार्क की अन्यत्र शिफ्टिंग के विरुद्ध अब मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठकुराल खुलकर सामने आ गए हैं। इसमें दो राय नहीं कि रुद्रपुर का प्राचीन एवं इकलौता पार्क होने के नाते गांधी पार्क का शहर के तकरीबन प्रत्येक निवासी से एक भावनात्मक रिश्ता है। रुद्रपुर का शायद ही कोई ऐसा रहवासी हो, जो किसी न किसी बहाने कभी गांधी पार्क ना पहुंचा हो। जाहिर है कि अगर गांधी पार्क का अगर अस्तित्व खत्म हुआ ? तो इन लोगों को एक गहरा भावनात्मक आघात तो लगेगा ही, साथ ही आम लोगों में शासन -प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी भी जन्म ले सकती है। वैसे यह नाराजगी अब कहीं ना कहीं आकार लेती हुई भी दिख पड़ती है, क्योंकि सोशल मीडिया एवं मेन स्ट्रीम मीडिया में रुद्रपुर के विभिन्न तबके के लोगों की जो प्रक्रियाएं आ रही हैं, उसे देखते हुए इस नाराजगी के कालांतर में और भी बढ़ाने और अंततः एक जन आंदोलन का रूप ले लेने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लिहाजा शासन प्रशासन की कोशिश तो यही होनी चाहिए कि जन भावना से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर असंतोष को एवं नाराजगी को और हवा ना दे। वैसे देखा जाए तो गांधी पार्क की शिफ्टिंग का विचार निहायत गैर जरूरी एवं आदूरदर्शिता पूर्ण ही नजर आता है, क्योंकि इसमें सभी पहलुओं एवं इसके दूरगामी परिणाम पर पूरी तरह विचार नहीं किया गया। इस मसले पर कोई निर्णायक कदम उठाने से अनेक बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किए जाने की आवश्यकता है। सबसे पहले इस तथ्य पर विचार किया जाना जरूरी है कि आखिर रुद्रपुर शहर को इसके संरचनात्मक ढांचे एवं व्यापारिक परिपाटी के हिसाब से शहर को कितनी



दुकाने और शॉपिंग मॉल और चाहिए? क्या रुद्रपुर की वर्तमान आबादी की जरूरत के मुताबिक शहर के मुख्य बाजार में पर्याप्त दुकाने नहीं है? जो एक अच्छे खासे पार्क को उजाड़ कर उसमें पार्किंग समस्या हल करने की आड़ में महंगी दुकान और शॉपिंग मॉल बनाने की योजना तैयार की जा रही है। एक बड़ा सवाल तो यह भी है कि प्राइम लोकेशन पर बनाई जाने वाली यह दुकान निश्चित रूप से खासी महंगी होगी। ऐसी स्थिति में क्या इन्हें साधारण आदमी खरीद पाएगा? जहां तक शहर की पार्किंग समस्या हल किए जाने का सवाल है? तो शहर में ऐसी कई स्थान पहले ही चिन्हित किया जा चुके हैं। जहां पार्किंग की व्यवस्था की जा सकती है। इसके अलावा निर्माणाधीन नए बस स्टैंड में बनाई जा रही अंडरग्राउंड पार्किंग में भी तकरीबन 700 कारों की पार्किंग की व्यवस्था होने जा रही है। ऐसी स्थिति में कुछ ही दूर पर महज साढ़े तीन सौ कारों की क्षमता वाली मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए एक प्राचीन पार्क को उजाड़ा जाना औचित्यहीन एवं समझ से परे है। जान पड़ता है जैसे नीति नियंताओं ने गांधी पार्क की शिफ्टिंग में की स्थिति में, निर्मित होने वाली दुकानों के निकट ही स्थित मुख्य बाजार पर पड़ने वाले असर पर तनिक भी विचार नहीं किया। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन के कारण बाजार में पहले से ही सीमित ग्राहक है। व्यापार लगातार काम होता जा रहा है। पहले नोटबंदी फिर जीएसटी, मुख्य बाजार में चले अतिक्रमण अभियान ,कोविड का दौर, रिसेशन एवं इन्फ्लेशन तथा लोहिया मार्केट के ध्वस्तीकरण आदि के चलते रुद्रपुर के मुख्य बाजार के व्यापारी एवं व्यापार पहले ही संकट के दौर से गुजर रहा है और अब मुख्य बाजार से लगे गांधी पार्क में दुकान बनाकर बचे- खुचे ग्राहकों को भी मुख्य बाजार से दूर करने की इस कोशिश से ,शहर के व्यापार जगत की आर्थिक रीढ़ पूरी तरह टूट सकती है। अब से कुछ अरसा पहले रुद्रपुर में जो व्यापारिक चहल पहल रहा करती थी, वह केवल सिडकुल के कारण थी, लेकिन अब सिडकुल में भी वह बात नहीं रह गई । इसके अलावा सिडकुल के प्रमुख ग्राहक भी मुख्यतः बिग बाजार और मेट्रोपोलिस मॉल में शिफ्ट हो गए हैं, लिहाजा वह बाजार की तरफ कम ही आ पाते हैं। उधर सिडकुल की तमाम बड़ी कंपनियां भी धीरे-धीरे अपना काम समेटती-सी दिख रही हैं। इसलिए अब रुद्रपुर में बेरोजगारों के भीड़ बाहर से काम आ रही है और बाजार को नए ग्राहक पहले की अपेक्षा बहुत ही काम मिल पा रहे हैं। शायद यही कारण है कि दीपावली के त्योहार पर भी बाजार में वह रौनक नहीं है ,जो अब से पहले हुआ करती थी। ऐसे में नई दुकानों और नए शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण रुद्रपुर के मुख्य बाजार के व्यापारियों एवं परंपरागत व्यापार की रीढ़ को निश्चित ही तोड़कर रख देगा ।बाजार की तरलता और गतिशीलता को बनाए रखना हालांकि सरकार की आर्थिक नीतियों का मसला है ,लेकिन फिर भी सरकार के अनुभागों एवं विभागों को अपने स्तर पर ऐसे प्रयास तो करने ही चाहिए कि उनकी किसी योजना के चलते कम से कम से किसी क्षेत्र विशेष का आर्थिक ढांचा तो संकट में ना आने पाए ।

# एलएलबी छात्र का संदिग्ध हालातों में कार में मिला शव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। घर में खाना खाने के बाद दोस्त से मिलने कार में सवार होकर गए एलएलबी के छात्र का संदिग्ध परिस्थितियों में उसी की कार में शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही परिजन मायके पर आ पहुंचे। छात्र को उपचार के लिए तुरंत चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंच कर परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता लगेगी। मुखानी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मूलरूप से चम्पावत पिथौरागढ़ निवासी



पार्थ सिंह सामंत (23) पुत्र राजेंद्र सिंह सामंत यहां बच्ची नगर कठघरिया मुखानी में अपनी मां गीता व बहन के साथ रहता था। बहन गीता ने बताया कि पार्थ नैनीताल में एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र था। मंगलवार रात पार्थ ने खाना खाया और रात करीब 10 बजे उसने यह कहा कि वह अपने दोस्त से मिलने जा रहा है, एक घंटे में लौटेगा। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। रात मां ने फोन किया तो कुछ देर में घर पहुंचने की बात कही और इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। पार्थ की एक महिला मित्र मुखानी चौराहे के पास रहती है। सुबह जब उसे भी पार्थ का फोन स्विच ऑफ मिला तो उसने पार्थ के दोस्तों को फोन किया। वह जब दोस्तों के पास भी नहीं मिला तो वह खुद तलाश में निकली। आरके टेंट हाउस के पास उसे पार्थ की कार दिखी। जहां उसने देखा कि पार्थ सीट खोल कर पूरी तरह लेटा हुआ था। कार के दरवाजे भी बंद नहीं थे। उठाने पर भी जब पार्थ नहीं उठा तो महिला मित्र ने पार्थ के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और आनन- फानन में एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें एसटीएच भेज दिया गया। एसटीएच में चिकित्सकों ने पार्थ को मृत घोषित कर दिया। इधर, कार में शव पाए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि मामले में घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है और पूछताछ की जा रही है। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही सामने आएगी। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक चालक ने वाहन से उतरवा लिए गेहूं के कट्टे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग पर गेहूं से भरे ट्रक में से चालक द्वारा बिना ट्रक स्वामी की जानकारी के कई कट्टे उतरवाकर पिकप वाहन में डलवा दिये गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में यमन बब्बर पुत्र स्व. अशोक बब्बर निवासीं आदर्श कॉलोनी वार्ड 17 ने कहा है कि 28/29 अक्टूबर 2023 की रात उसकी गाड़ी संख्या यूके 06 सीए 2905 गोदाम से गेहूँ के 100 कट्टे लादकर काशीपुर रोड पुल के नीचे खड़ी थी। रात करीब 3 बजे ट्रक के 2 ड्राइवर अरविन्द और सोनू को गाड़ी से कट्टे उतारकर पिकअप में लोड करते हुए स्टाफकर्मी अर्जुन ने देखा तथा ड्राइवर और उसके साथी से अर्जुन ने पूछा कि ये कट्टे पिकअप में क्यों डाल रहे हो तब उस ड्राइवर ने बात टाल दी। पिकअप ड्राइवर तुरन्त पिकअप लेकर चला गया। स्टाफकर्मी अर्जुन ने सुबह बताया कि रात को एक पिकअप वाला कुछ कट्टे लोड कर भाग गया। यमन का कहना है कि उसने ड्राइवर और उसके साथी से पूछताछ की लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे पाया। चेक करने पर पता चला कि गाड़ी में 35 कट्टे कम थे जो वे लोड करके ले गए । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

